एक ज़िला-एक उत्पाद योजना की मॉनीटरिंग के लिये समिति गठित

चर्चा में क्यों?

1 जून, 2023 को मध्य प्रदेश जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रदेश में एक ज़िला-एक उत्पाद एवं मूल्य संवर्धन योजना की मॉनीटरिंग के लिये कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समिति गठित की गई है।

प्रमुख बिंदु

- समिति के अन्य सदस्यों में अपर सचिव एवं प्रमुख सचिव उद्योग नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, अपर मुख्य सचिव वित्त, प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी बोर्ड), संचालक कृषि अभियांत्रिकी को शामिल किया गया है।
- समिति के सदस्य सचिव संचालक किसान-कल्याण तथा कृषि विकास होंगे।
- ज़िला स्तर पर एक ज़िला-एक उत्पाद योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये कलेक्टर की अध्यक्षता में ज़िला स्तरीय समिति गठित होगी।
- समिति के सदस्य सचिव उप संचालक किसान-कल्याण तथा कृषि विकास होंगे।
- अन्य सदस्यों में परियोजना संचालक (आत्मा), महाप्रबंधक ज़िला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, सहायक कृषि यंत्री और ज़िला मुख्यालय स्तर पर सचिव मंडी समिति को शामिल किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/committee-constituted-for-monitoring-one-district-one-product-scheme